भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **465** जिसका उत्तर

गुरूवार, **4 फरवरी**, 2021/15 माघ, 1942 (शक) को दिया जाना है

गहरे समुद्री पत्तन

†465. श्री शिशिर कुमार अधिकारी:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ग्रेट निकोबार द्वीपसमूह और पश्चिम बंगाल में ताजपुर में भी गहरे समुद्री पत्तन स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो क्या ताजपुर में ट्रांसशिपमेंट जोन की लागत निकोबार द्वीपसमूह में नए गहरे समुद्री पत्तन की अनुमानित लागत से बहुत कम है; और

(ग) यदि हां, तो दोनों परियोजनाओं की तुलनात्मक अध्ययन रिपोर्ट क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क): भारत सरकार द्वारा ताजपुर, पश्चिम बंगाल में पत्तन को स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव नहीं हैं। तथापि, अंडमान और निकोबार प्रशासन, ग्रेट निकोबार द्वीप में साउथ बे में कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पत्तन को स्थापित करने की परिकल्पना कर रहा है।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****